# University in News on 05 May 2023

## JAGRAN CITY PAGE III

### पीएचडी प्रवेश अगस्त से शुरू करने की तैयारी



जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) पीएचडी का शैक्षिक सत्र पटरी पर लाने में जुटा है। इसके लिए 2022-23 सत्र की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। सत्र 2023-24 के पीएचडी दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया अगस्त से शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए जुलाई में ही विभागों एवं सभी राजकीय व एडेड कालेजों से पीएचडी की खाली सीटों का विवरण ले लिया जाएगा।

लवि ने पीएचडी के शैक्षिक सत्र को व्यवस्थित करने के लिए 2021-22 के दाखिले की प्रक्रिया नवंबर-दिसंबर में पूरी कर ली थी। उसके बाद जनवरी में सत्र 2022-23 की प्रक्रिया भी शुरू कर दी, जो अभी जारी है। मई के अंत तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। उसके बाद नए सत्र के पीएचडी दाखिले की तैयारी शुरू हो जाएगी। प्रवेश सेल के मुताबिक जुलाई में सीटों का विवरण ले लिया जाएगा। उसे जांचने में करीब एक माह लगेगा। इस बीच परास्नातक अंतिम वर्ष की सेमेस्टर परीक्षाएं भी हो जाएंगी। उसके परिणाम अगस्त में आएंगे। फिर पीएचडी प्रवेश के आवेदन शुरू होंगे, इसमें पीजी वालों को मौका मिल सकेगा।

**समाजशास्त्र विषय की मैरिट जारी:** लवि ने पीएचडी दाखिले के लिए समाजशास्त्र विषय की ओवरआल मेरिट सूची जारी कर दी। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर कटआफ देख सकते हैं। इसमें अभ्यर्थी सोने लाल को पहली रैंक मिली है। विश्वविद्यालय अब तक कुल 38 विषयों की ओवरआल मेरिट जारी कर चुका है।

### आज कोलकाता जाएगी विज्ञान कांग्रेस की टीम

जासं, लखनऊ : भारतीय विज्ञान कांग्रेस (आइसीए) के 109वें वार्षिक सम्मेलन की तैयारियों के सिलसिले में लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम शुक्रवार को कोलकाता जाएगी। लवि से आइसीए की टीम में आयोजन सचिव प्रो. एसपी त्रिवेदी, स्थानीय सचिव प्रो. पूनम टंडन व प्रो. गीतांजलि मिश्रा शामिल हैं। टीम के सदस्य छह व सात मई को भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन की समिति व परिषद के समक्ष तैयारियों का प्रस्तुतीकरण देंगे।

कोलकाता स्थित मुख्यालय में होने वाली बैठक में विश्वविद्यालय अपनी सुविधाओं, सभागार, सीट क्षमता, आइसीटी की दक्षताओं से लेकर आडियो-वीडियो, 15 हजार डेलीगेट्स के पंजीकरण, उनके रहने, ट्रांसपोर्ट सुविधाओं सहित अन्य तैयारियों पर प्रस्तुतीकरण देंगे। वहां से मिलने वाले सुझाव पर विश्वविद्यालय अपनी तैयारियों में शामिल करेंगे।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### आज कोलकाता जाएगी विज्ञान कांग्रेस की टीम

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली 109वीं विज्ञान कांग्रेस की तैयारियों के मद्देनजर विज्ञान कांग्रेस की तीन सदस्यीय टीम शुक्रवार को कोलकाता जाएगी। इस टीम में विज्ञान कांग्रेस आयोजन के सचिव प्रो. एसपी त्रिवेदी, डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन और प्रो. सह आयोजन सचिव प्रो. गीतांजलि मिश्रा शामिल हैं। टीम छह मई को कोलकाता में होने वाली विज्ञान कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में सदस्यों को आयोजन की तैयारियों से अवगत कराएगी। इसके अलावा कार्यक्रम के प्रस्तावित बजट से भी अवगत कराएगी। इसका बजट करीब 40 करोड़ है। (संवाद)

### लविवि में एनसीसी कैडेटों को दी गई रैंक

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से सत्र 2023-24 के 63 यूपी बीएन एनसीसी कैडेटों के सम्मान में रैंक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. पूनम टंडन, डॉ. आरबी सिंह और कर्नल पीपी किशोर ने गर्ल्स कैडेटों को रैंक प्रदान करते हुए उनका सम्मान किया। भाविनी बहुगुणा को वरिष्ठ अवर अधिकारी, श्रेया सिंह व निधि उपाध्याय को अवर अधिकारी, नारायणी श्रीवास्तव, प्रियंका मौर्य, अंजलीना अवस्थी को एसजीटी रैंक दीपशिखा खरवार, नेहा राय को कॉर्पोरल और अलीना सोनकर व भावना सिंह को लांस कॉर्पोरल की रैंक प्रदान की गई है। इस अवसर पर कैप्टन किरण लता डंगवाल और मेजर राजेश कुमार शुक्ला ने कैडेट्स से कहा कि पद विशेषाधिकार और शक्तियां प्रदान नहीं करता, बल्कि उत्तरदायित्व देता है। (संवाद)

## i-NEXT PAGE 4

### एलयू में कैडेट का हुआ सम्मान

एलयू में लखनऊ यूनिवर्सिटी में गर्ल्स विंग 63 यूपी बीएन एनसीसी के शैक्षिक सत्र 2023 24 के लिए कैडेटो के लिए रैंक समारोह आयोजित किया. इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि प्रो पूनम टंडन और डॉ. आर.बी. सिंह के साथ कर्नल पीपी किशोर, एडम ऑफिसर 63 यूपी बीएन एनसीसी लखनऊ मौजूद रहे. कैप्टन किरण लता डंगवाल और मेजर राजेश कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन किया. समारोह के दौरान, वरिष्ठ अवर अधिकारी भाविनी बहुगुणा, अवर अधिकारी श्रेया सिंह कश्यप, अवर अधिकारी निधि उपाध्याय, एसजीटी नारायणी श्रीवास्तव, एसजीटी प्रियंका मौर्य, एसजीटी अंजलीना अवस्थी, कॉर्पोरल दीपशिखा खरवार, कॉर्पोरल नेहा राय, लांस कॉर्पोरल अलीना सोनकर और लांस कॉर्पोरल भावना सिंह को नियुक्त किया गया.

## AMRIT VICHAR PAGE 4



सम्मानित की गईं एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

### एनसीसी में बेटियों ने फहराया परचम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 63 यूपी बटालियन लखनऊ विश्वविद्यालय गर्ल्स विंग को मिला सम्मान

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में 63 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेटस में बेटियों ने अपना परचम लहराया है। गर्ल्स विंग ने हाल ही में सत्र 2023-24 के लिए योग्य कैडेटों की कड़ी मेहनत को स्वीकार किया है। इसको ध्यान में रखते हुए बेहतर कैडेटों के को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. पूनम टंडन, और डॉ. आरबी. सिंह और कर्नल पीपी किशोर ने कैडेट का सम्मान बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन किरण लता डंगवाल और मेजर राजेश कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन किया।

समारोह के दौरान, निम्नलिखित कैडेटों को मान्यता दी गई और उनके संबंधित रैंक से सम्मानित किया गया।

### विज्ञान कांग्रेस के लिए 40 करोड़ के बजट का प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- लखनऊ विश्वविद्यालय से शिक्षक जाएंगे कोलकाता

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने 109वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस (आईएससी) के लिए 40 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसे कोलकाता में होने वाली आईएससी परिषद की कार्य समिति परिषद की बैठक में पेश किया जाएगा। ऐसे में शुक्रवार को 109वीं आईएससी के आयोजन सचिव प्रो. एसपी त्रिवेदी और स्थानीय सचिव प्रो. पूनम टंडन व प्रो गीतांजलि मिश्रा कोलकाता के लिए रवाना होंगे।

यहां आईएससी परिषद की कार्य समिति व सात मई का परिषद की बैठक होगी। यहां इन शिक्षकों के द्वारा 109वीं आईएससी के प्रस्तावित बजट को रखा जाएगा। जिस पर परिषद के 80 से ज्यादा सदस्य अपनी राय पेश करेंगे।

साथ ही यह भी बताना होगा कि आईएससी के 1406 कार्यक्रमों को किस तरह से कहां व कैसे आयोजित किया जाएगा। कोलकाता में यह तय होगा कि विज्ञान कांग्रेस परिषद की ओर से क्या कार्य किए जाएंगे और विश्वविद्यालय को किन चीजों के लिए तैयारी करनी है।

### छह विषयों की फीस 7 तक भरें

**अमृत विचार, लखनऊ:** एलयू ने पीएचडी सत्र 2022-23 के बचे छह विषयों का परिणाम जारी कर सीट एलॉटमेंट भी कर दिया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि मानवशास्त्र, गृह विज्ञान, विधि, राजनीति विज्ञान, मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास और पुस्तकालय विज्ञान का परिणाम जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थियों को 7 मई तक अपनी फीस जमा करनी होगी।

### दाखिले के भरें फॉर्म

**अमृत विचार, लखनऊ:** एलयू ने ओरिएंटल पर्शियन एंड अरेबिक में सर्टिफिकेट कोर्स करने के लिए आवेदन मांगे है। इसके लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पंजीकरण अनिवार्य है।